SET-4

Series SSO

कोड नं.
Code No. 71

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **4** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **4** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **8** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

चित्रकला (सैद्धान्तिक)

(भारतीय कला का इतिहास)

PAINTING (Theory)

(HISTORY OF INDIAN ART)

निर्धारित समय : 2 घण्टे | *अधिकतम अंक : 40*

Time allowed : 2 hours | *Maximum Marks : 40*

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी आठ*** *प्रश्न अनिवार्य हैं, जिनके अंक समान हैं ।*

(ii) *प्रश्न संख्या* ***1*** *व* ***2*** *का प्रत्येक उत्तर लगभग* ***200*** *शब्दों में तथा प्रश्न संख्या* ***3, 4*** *व* ***5*** *का प्रत्येक उत्तर लगभग* ***100*** *शब्दों में लिखिए । प्रश्न संख्या* ***6, 7*** *व* ***8*** *वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं ।*

General Instructions :

(i) ***All*** *the* ***eight*** *questions are compulsory, which carry equal marks.*

(ii) *Answers to be written for question nos.* ***1*** *and* ***2*** *in about* ***200*** *words each and for question nos.* ***3, 4*** *and* ***5*** *in about* ***100*** *words each. Question nos.* ***6, 7*** *and* ***8*** *are objective type.*

1. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित ***किसी एक*** समकालीन (आधुनिक) भारतीय चित्र का सौन्दर्यात्मक विवेचन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए : *5*

(अ) शीर्षक तथा चित्रकार का नाम

(ब) माध्यम एवं तकनीक

(स) विषय-वस्तु

(द) संयोजन

Appreciate ***any*** Contemporary (Modern) Indian painting included in your course of study, based on the following points :

(a) Title and name of the painter

(b) Medium & technique

(c) Subject-matter

(d) Composition

2. आप अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित मुग़ल **अथवा** दक्खिन लघु-चित्र शैली के चित्रों को क्यों पसन्द **अथवा** नापसन्द करते हैं ? अपने उत्तर का औचित्य उपयुक्त उदाहरणों सहित विस्तारपूर्वक सिद्ध कीजिए । *5*

Why do you like **or** dislike the paintings of the Mughal **or** Deccan School of Miniature Painting included in your course of study ? Justify your answer in detail with suitable examples.

3. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली के चित्र (चित्रों) के विशेष सन्दर्भ में निम्नलिखित में से ***किसी एक*** पर अवलोकन-टिप्पणी लिखिए : *5*

(अ) धूमिल रंगों के प्रयोग, धुँधली हल्की विस्तृत पृष्ठभूमि तथा किसी भी गहरी रेखा या तान की अनुपस्थिति के द्वारा रहस्यात्मक और सौम्य शैली का सृजन, जो एक सूक्ष्म (दिव्य) संसार का अनुभव प्रदान करता है ।

(ब) असाधारण रूप से लम्बे अंगों वाली और क्रमश: पतली होती जाती अँगुलियों सहित दुबली मानवीय आकृतियों का अंकन, जो राजस्थानी, पहाड़ी और मुग़ल-चित्रों के प्रभाव को दर्शाती हैं । इस प्रकार यूरोपीय यथार्थवाद के प्रभुत्व को समाप्त कर दिया गया है ।

Write an observation-note on ***any*** of the following with special reference to the painting(s) of the Bengal School included in your course of study :

(a) The creation of mystic and mellow style by using gloomy colouring with diffused light background and absence of any dark line or tone, which provide the experience of the astral-world.

(b) The delineation of attenuated human figures with extra elongated limbs and tapering fingers, which reflect the experience of the Rajasthani, Pahari and Mughal miniatures. Hence emphasis on European realism is terminated.

4. समकालीन (आधुनिक) भारतीय कला की निम्नलिखित कलाकृतियों में से ***किसी एक*** में किन मानवीय जीवन-मूल्यों को दर्शाया गया है ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए : *5*

(अ) *संथाल परिवार* (एक मूर्ति-शिल्प)

(ब) *मदर टेरेसा* (एक चित्र)

(स) *बच्चे* (एक छापा-चित्र)

Which human life values are shown in ***any*** of the following art-works of the Contemporary (Modern) Indian Art ? Explain in short :

(a) *Santhal Family* (a sculpture)

(b) *Mother Teresa* (a painting)

(c) *Children* (a graphic-print)

5. निम्नलिखित लघु-चित्रों में से ***किसी एक*** का चित्रकार इसकी विषय-वस्तु के निरूपण में कहाँ तक सफल रहा है ? सौन्दर्यात्मक मापदण्डों के आधार पर अपने उपयुक्त कारण दीजिए : *5*

(अ) *मारू रागिनी* (राजस्थानी शैली)

(ब) *कृष्ण गोपियों के संग* (पहाड़ी शैली)

How far has the painter been successful in depicting the subject-matter of ***any*** of the following miniature paintings ? Give your appropriate reasons based on the aesthetic parameters :

(a) *Maru-Ragini* (Rajasthani School)

(b) *Krishna with Gopis* (Pahari School)

6. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित पहाड़ी तथा राजस्थानी शैलियों के ***किन्हीं पाँच*** लघु-चित्रों के शीर्षक बताइए । *5*

Mention the titles of ***any five*** miniature paintings of the Pahari and Rajasthani Schools included in your course of study.

7. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली के ***पाँच*** चित्रकारों के नाम बताइए । *5*

Mention the names of ***five*** painters of the Bengal School included in your course of study.

8. (अ) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित मुग़ल शैली के ***किन्हीं तीन*** लघु-चित्रों के शीर्षक बताइए । *3*

(ब) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित दक्खिन लघु-चित्र शैली की ***किन्हीं दो*** उप-शैलियों के नाम बताइए । *2*

(a) Mention the titles of ***any three*** miniature paintings of the Mughal School included in your course of study.

(b) Mention the names of ***any two*** sub-schools of the Deccan School of Miniature Painting included in your course of study.